आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹108488/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹132500/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹144637/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026


## पीछे हटने को तैयार नहीं ईरान, अमेरिकी जंगी जहाज लिंकन पर दाग दीं मिसाइलें

*दुबई/तेहरान।* अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला भले ही कुछ दिनों के लिए रोक दिया हो, लेकिन तेहरान पीछे हटने को तैयार नहीं है। मिडिल ईस्ट में तनाव फिर से बढ़ गया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका के जंगी जहाज एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पर मिसाइल हमला किया, जिसके बाद उसे इलाका छोड़कर पोजिशन बदलनी पड़ी। ईरानी सेना ने बयान में अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जब इस स्ट्राइक ग्रुप के जहाज उनकी रेंज में आएंगे तो और भी मिसाइलें दागी जाएंगी।






**नक्सल खात्मे की डेडलाइन अब 6 दिन बाकी**

### समाज प्रमुखों ने रेड कॉरपेट में समर्पित नक्सलियों को संविधान की प्रति व फूल देकर किया स्वागत

*12 लाख रुपए नकद के साथ ही अत्याधुनिक हथियार भी सौंपे*

# आखिरी कमांडर पापाराव के समर्पण के साथ दंडकारण्य जोनल कमेटी खत्म

एसजेडसीएम कैडर के आखिरी कमाण्डर पापाराव के समर्पण के साथ ही दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी से नक्सल संगठन की कमान लेने वाला कोई नहीं बचा है। 25 लाख के इनामी पापाराव ने अपने 17 साथियों के साथ प्रदेश के डीजीपी, एडीजी नक्सल, बस्तर आईजी, एसपी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने बुधवार को आत्मसमर्पण कर दिया।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

खास खबर

87 लाख के इनामी इन समर्पित नक्सलियों का रेड कॉरपेट में समाज प्रमुखों ने संविधान की प्रति व फूल देकर स्वागत किया। समर्पण के दौरान पापाराव समेत अन्य नक्सलियों ने 12 लाख रुपए नगद के साथ ही अत्याधुनिक हथियार भी पुलिस को सौंपे। पुलिस को सौंपे गए हथियारों में 8 एके 47, एक इंसास, 4 थ्री-नॉट-थ्री, 1 एसएलआर, 2 सिंगल शॉट और बीजीएल लॉन्चर समेत अन्य हथियार शामिल है। ▶▶| शेष पेज 6 पर



### पापाराव के खिलाफ 48 आपराधिक मामले व 41 स्थायी वारंट लंबित

एसजेडसीएम पापाराव के खिलाफ बीजापुर जिले के विभिन्न पुलिस थानों में 48 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल 41 स्थायी वारंट लंबित है। पापाराव के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 96 प्रतिशत नक्सलवाद खत्मः शर्मा

नक्सलियों के समर्पण के बाद पत्रकारों से चर्चा में गृहमंत्री विजय शर्मा ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ से अब 96 प्रतिशत नक्सलवाद खत्म हो चुका है। पिछले 2 वर्षों में करीब 3000 नक्सलियों का पुनर्वास, 2000 से ज्यादा ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री ने कहा- नक्सलवाद अब अंतिम पड़ाव पर



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस आत्मसमर्पण को नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक प्रहार बताते हुए कहा कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम पड़ाव पर है और बस्तर की धरती पर हिंसा की विचारधारा पराजित होती स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने* ▶▶| शेष पेज 6 पर

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू**

# फिर खुली जग्गी हत्याकांड की फाइल सतीश और अमित हाईकोर्ट तलब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर**

खास खबर

छत्तीसगढ़ के चर्चित एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले की फाइल एक बार फिर खुल गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई शुरु हो गई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने सतीश जग्गी एवं जग्गी हत्याकांड के आरोपी अमित जोगी को नोटिस जारी कर अपने वकील के साथ कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। नोटिस तामिली की जिम्मेदारी रायपुर एसपी को दी गई है।

इस मामले में याचिकाकर्ता सतीश जग्गी के अधिवक्ता बीपी शर्मा ने हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट को भेज दिया है। सीबीआई की ▶▶| शेष पेज 6 पर





### सतीश जग्गी ने सुको में दायर की थी याचिका

18 अगस्त 2011 और 12 सितंबर 2011 एवं 19 सितंबर 2011 के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सतीश जग्गी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर 2025 के आदेश के परिप्रेक्ष्य में याचिका दायर करने में हुई देरी को क्षमा कर दिया गया है। याचिका को सीबीआई द्वारा दायर अपील की अनुमति के आवेदन पर गुण-दोष के आधार पर पुनर्विचार के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को वापस भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### न्याय व्यवस्था पर अटूट विश्वास

जग्गी प्रकरण के मामले पर हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई को लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी से जुड़े मामले में 1 अप्रैल की सुनवाई से पहले कुछ तथ्य स्पष्ट करना आवश्यक है। हमें न्यायपालिका पर ▶▶| शेष पेज 6 पर


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN (DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2026

Accredited by NAAC with Grade 'A++' | UGC Graded Autonomy(Category-I) | NBA Accredited | ICAR Accredited | NABL Accredited | NABH Accredited
AICTE Approved | NMC Approved | DCI Approved | PCI Approved | BCI Approved | INC Approved | VCI Approved

PROGRAMMES OFFERED

B.TECH PROGRAMMES IN CORE ENGINEERING
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering

B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS DESIGN
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering

B.TECH PROGRAMMES IN CORE COMPUTING
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology

B.TECH PROGRAMMES IN EMERGING COMPUTING
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)

M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering

M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathemetics
Biotechnology
Integrated M.Sc. Biotechnology

COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)

LAW PROGRAMMES
BA. LL.B (H) - Integrated
BBA LL.B (H) - Integrated
LL.B. (H) - 3 Years
LL.M. - 1 Year

MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)

HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)

NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)

AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture

PHARMACY PROGRAMMES
B. Pharm
M. Pharm

nirf
National Institutional Ranking Framework 2025
15th in University Category
22nd in Engineering Category
15th in Medical Category
09th in Dental Category
10th in Law Category

Globally Ranked By
QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS

To apply for admission through SAAT,
Visit: www.soa.ac.in





## चुनाव आयोग की वेबसाइट में तकनीकी खराबी से हुआ बवाल

# वोटर लिस्ट में अभिषेक अंडर ट्रायल तो अधिकारी का नाम ही डिलीट!

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का चुनाव आयोग पर हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चुनाव आयोग की वेबसाइट में आई तकनीकी खराबी का हवाला देखकर टीएमसी की आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर पोस्ट कर चुनाव आयोग को निशाने पर लिया गया। टीएमसी ने सोशल मीडिया पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि 'पूरे राज्य का नाम अंडर ट्रायल है। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का नाम भी अब वोटर लिस्ट में अंडर ट्रायल है। इस बीच, भाजपा लीडर शुवेंदु अधिकारी का नाम अब डिलीट हो गया है।' आरोप है कि मंगलवार देर रात चुनाव आयोग की वेबसाइट में कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी। शिकायतें आई कि कई लोगों के नाम अचानक आयोग की वेबसाइट पर अंडर ट्रायल कैटेगरी में दिखने लगे। आरोप है कि 28 फरवरी को चुनाव आयोग की ओर से जारी वोटरों की फाइनल लिस्ट में उनका नाम आ चुका था, लेकिन मंगलवार रात को वही नाम अंडर ट्रायल कैटेगरी में दिखने लगा।

**पश्चिम बंगाल में 294 सीट के लिए 23 व 29 अप्रैल को होंगे चुनाव**




### टीएमसी ने चुनाव आयोग की मंशा पर उठाए सवाल

तृणमूल कांग्रेस ने इस मसले पर इलेक्शन कमीशन से पूछा- क्या उसके पास इस अजीब गड़बड़ी का कोई जवाब है? उन्होंने बंगाल के हर वोटर को तब तक दोषी बना दिया है जब तक वह बेगुनाह साबित न हो जाए।' एसआईआर के डर, चिंता और मेंटल स्ट्रेस की वजह से अब तक 200 जानें जा चुकी हैं। अगर और जानें गईं, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

### आयोग की आई सफाई, कहा वोटर लिस्ट की गड़बड़ी ठीक हुई

चुनाव आयोग ने बुधवार को माना कि पश्चिम बंगाल की वोटर लिस्ट में तकनीकी गड़बड़ी हो गई थी। डिस्प्ले एरर की वजह से वोटर्स का नाम जांच के दायरे में दिखा रहा था। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी टीम ने करीब 2 घंटे में समस्या ठीक कर दी। आयोग इस गड़बड़ी की जांच कर रहा है।



### 'भगवान राम आपकी प्रॉपर्टी नहीं : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राम नवमी से पहले दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी में कहा कि भगवान राम किसी एक दल या विचारधारा की संपत्ति नहीं हैं। भगवान राम सबके हैं। राम नवमी सभी के लिए है।' उनके इस बयान को पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच एक बड़ा संदेश माना जा रहा है।

---

## गैस संकट : सरकार ने दिए तुरंत सरेंडर करने के आदेश

# पीएनजी वालों के घरों में अब नहीं चलेगा एलपीजी सिलेंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आया है। होर्मुज के प्रभावित होने से पेट्रोलियम पदार्थों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इस बीच, सरकार ने देश में रसोई गैस की आपूर्ति को आसान बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसकी सेवा नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं की एलपीजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मंगलवार को एक प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026 जारी किया है। इसके तहत जिन इलाकों में पीएनजी की आपूर्ति उपलब्ध है वहां के लोगों के लिए इसका कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, ऐसा नहीं करने पर तीन महीने में उनकी एलपीजी की आपूर्ति रोकने की भी बात कही गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य पाइपलाइन अवसंरचना के विकास में तेजी लाना, मंजूरियों को आसान बनाना तथा एलपीजी से पीएनजी की ओर बदलाव को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है।

**घर के पास पीएनजी पाइपलाइन, तो लेना ही होगा कनेक्शन**



### 90 दिन बाद रोक दी जाएगी एलपीजी सप्लाई

मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026' लागू किया है। इसके तहत अब पाइप वाली गैस पीएनजी का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी भी देनी होगी।

### 35 दिन की बुकिंग अफवाह

सरकार ने कहा है कि डबल सिलेंडर वाले उपभोक्ताओं के लिए 35 दिन में बुकिंग की बातें अफवाह है। शहरी इलाकों में उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन का गैप लागू रहेगा, यानी एक बार सिलेंडर लेने के बाद अगली बुकिंग 25 दिन बाद ही की जा सकती है। ग्रामीण इलाकों के लिए यह अवधि 45 दिन तय की गई है.

### तेल सप्लाई पूरी तरह सामान्य, पर्याप्त स्टॉक मौजूद



**पश्चिम एशिया संकट पर सर्वदलीय बैठक में सरकार ने दी जानकारी**

सरकार ने बुधवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट को लेकर संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई है और राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए। सरकार की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मौजूद थे। अन्य दलों से कांग्रेस के मुकुल वासनिक व तारिक अनवर, जेडीयू के संजय झा व ललन सिंह और सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास पहुंचे। बैठक का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों को स्थिति की जानकारी देना और एक साझा रणनीति पर चर्चा करना था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वैश्विक हालात और पश्चिम एशिया के संकट पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सरकार ने भारत की रणनीति पर स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है। तेल की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

---

# वंदे मातरम नहीं गाने पर कोई दंड का प्रावधान नहीं

### सुप्रीम कोर्ट में गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मामला सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ के समक्ष था। पीठ मोहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें गृह मंत्रालय द्वारा 28 जनवरी को जारी वंदे मातरम के गायन संबंधी परिपत्र और कार्यालयों और स्कूलों में इसके गायन के लिए जारी किए गए प्रोटोकॉल को चुनौती दी गई थी।



---

**बारामती और मुंबई पुलिस के इनकार पर कर्नाटक पहुंचे रोहित पवार**

# अजित पवार प्लेन क्रैश की बेंगलुरु में जीरो एफआईआर

एजेंसी ▶▶| मुंबई=

पुणे, बारामती और मुंबई समेत महाराष्ट्र में अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में केस दर्ज कराने में असफल रहे शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार को इस मामले में कर्नाटक में सफलता मिली है। उन्होंने बेंगलुरु पुलिस में इस केस की जीरो एफआईआर दर्ज कराई है। बारामती में 28 जनवरी को अजित पवार के प्लेन क्रैश के मामले में शेषाद्रीपुरम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हो गया है। केस दर्ज कराने के बाद रोहित पवार मुंबई पहुंचे और पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। रोहित पवार ने मंगलवार को ही विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था। इस मामले में दिवंगत अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने इंडियन सिविल प्रोटेक्शन कोड, 2023 के सेक्शन 173(1) के तहत 'जीरो एफआईआर' के तौर पर शिकायत दर्ज कराई थी।



### बेंगलुरु पुलिस ने डीजी को भेजी एफआईआर

रोहित पवारने कहा कि हमने महाराष्ट्र में कई जगहों पर केस रजिस्टर करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी, फिर हम कर्नाटक गए। कर्नाटक सरकार न्याय दिलाने के लिए आगे बढ़ी है। उन्होंने जीरो एफआईआर दर्ज करके DG को भेज दी है। रोहित ने कहा कि अजित पवार के प्लेन क्रैश के बारे मेंकेस रजिस्टर कर लिया गया है। हमने जो कर सकते थे, किया, फॉलोअपकिया।

---

# कांग्रेस को 24 अकबर रोड बंगला खाली करने का आदेश

## यूथ दफ्तर पर भी थमाया नोटिस, डेडलाइन भी दे दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





कांग्रेस को आज बड़ा झटका लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस को 24 अकबर रोड का बंगला खाली करने का नोटिस मिला है। पार्टी से कहा गया है कि आगामी 28 मार्च तक आप इस पुराने बंगले को खाली कर दें. इसके साथ यूथ कांग्रेस के ऑफिस 5 रायसीना रोड को भी खाली करने का नोटिस मिला है। बीते 48 सालों से 24 अकबर रोड के बंगले में कांग्रेस का मुख्यालय है। हालांकि बीते साल कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन हो चुका है,लेकिन इसके बावजूद 24 अकबर रोड वाले कार्यालय को कांग्रेस ने खाली नहीं किया है। यहां भी पार्टी की गतिविधियां पहले की तरह ही चल रही हैं। नोटिस मिलने के बाद से पार्टी राहत के लिए कनूनी विकल्प पर विचार कर रही है।

### बीजेपी ने भी किया कब्जा, फिर हमें ही नोटिस क्यों : कांग्रेस

इस नोटिस के बाद कांग्रेस में उबाल आ गया है। लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सरकार कांग्रेस पर 'दबाव डालकर चुप कराना' चाहती है। उन्होंने कहा, 'सरकार सोचती है कि दबाव बनाकर कांग्रेस को चुप करा सकती है। उन्हें हमें डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। क्या उन्होंने भाजपा के अशोक रोड या पंत मार्ग वाले कार्यालय को खाली करने का नोटिस दिया है? क्योंकि ईरान युद्ध के मुद्दे पर वे कुछ नहीं कर पाए हैं, इसलिए ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।' कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'लोकतांत्रिक सरकार नहीं है'। उन्होंने बताया, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नोटिस हमें पहुंचने दें। हम चर्चा के बाद उस पर कार्रवाई करेंगे।'

### यह है सरकार की नीति

सरकार की अपनी नीति (लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस की 2012 की पॉलिसी) स्पष्ट है। जब किसी राजनीतिक पार्टी को नया कार्यालय बनाने के लिए जमीन आवंटित हो जाती है, तो उसे तीन साल के अंदर पुराना सरकारी बंगला खाली कर देना चाहिए। भाजपा का नया मुख्यालय 2018 में बन गया था, यानी 2021 तक अशोक रोड खाली होना चाहिए था। लेकिन आज 2026 में भी भाजपा इस कार्यालय पर काबिज है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## रामनवमी के दिन परीक्षा

राज्य के शिक्षा महकमे ने स्थानीय परीक्षाओं के टाईम टेबल में 27 मार्च को परीक्षा आयोजित की है। कक्षा पहली से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थी इस दिन परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं भी होंगी। ऐसा पहली बार होगा, जब रामनवमी के दिन प्रदेश के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## अयोध्या में आज रामनवमी



*भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में कल 26 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। अयोध्या में कल दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक किया जाएगा। विशेष तकनीक के जरिये सूर्य की किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर पड़ेगी। इसके पहले जन्मोत्सव पर सुबह नौ बजे से रामलला का पंचगव्य, सरयू जल और सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया जाएगा। उन्हें छप्पन प्रकार के व्यंजनों का विशेष भोग भी लगाया जाएगा।*

# अवकाश पर उलझन : 27 को मनेगी रामनवमी, सरकारी कैलेंडर में 26 को छुट्टी

सचिन अग्रहरि ▸▸| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में रामनवमी के सरकारी अवकाश को लेकर उलझन की स्थिति निर्मित हो गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव 27 मार्च को मनाया जाएगा। वहीं सरकारी कैलेंडर में 26 मार्च को अवकाश की घोषणा ▸▸|शेष पेज 6 पर



### अष्टमी पर देवी मंदिरों में आज हवन

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर और बिलासपुर स्थित महामाया मंदिर में कल 26 मार्च को अष्टमी पर हवन पूजन होगा। मंदिर समिति ने हरिभूमि को बताया कि रात में हवन के बाद दूसरे दिन नवमी में जोत जंवारा विसर्जन और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का आयोजन भी किया गया है।




## ईडी ने दिल्ली की दो संपत्तियां भी अटैच की, कुल संपत्ति 1700 करोड़ रुपए की

# महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ के बुर्ज खलीफा अपार्टमेंट समेत दुबई की 18 संपत्तियां अटैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

*प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव सट्टा एप को लेकर बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर सहित अन्य प्रमोटरों की 1700 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति अटैच की है। महादेव सट्टा से जुड़े जिन प्रमोटरों की संपत्तियों को अटैच किया गया है, उनमें दुबई के बुर्ज खलिफा स्थित अपार्टमेंट के अलावा दुबई हिल्स स्टेट, हिल्स वीव, फेयरवे रेसिडेंसी, सिदारा में लग्जरी विला और अपार्टमेंट, बिजनेसबे और एसएलएएस होटल एंड रेसिडेंसी सहित 18 प्रापर्टी तथा दिल्ली की दो प्रापर्टी शामिल हैं।*

खास खबर

ईडी के आरोपों के मुताबिक सभी संपत्ति महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से जुड़ी हैं, जिनको उनके और उनके सहयोगियों के नाम पर कंट्रोल किया जा रहा था। इनमें विकास छपारिया, रोहित गुलाटी, अतुल अरोड़ा, नितिन तिब्रेवाला और सुरेंद्र बागड़ी शामिल हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि, उक्त संपत्तियां महादेव ऑनलाइन बुक और अन्य अवैध बेटिंग प्लेटफॉर्म से कमाए गए प्रोसीड्स ऑफ क्राइम से खरीदी गई थीं। ईडी ने जांच की शुरुआत छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

### सट्टेबाजी का इंटरनेशनल नेटवर्क

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि महादेव ऑनलाइन बुक एक अंतर्राष्ट्रीय सट्टेबाजी सिंडिकेट की तरह काम करता था। यह नेटवर्क कई प्लेटफॉर्म के जरिए संचालित होता था, जिनमें टाइगर एक्सचेंज, गोल्ड 365 और लेजर 247 शामिल हैं। यह पूरा सिस्टम फ्रेंचाइजी मॉडल पर चलता था, जिसमें "पैनल" या "ब्रांच" बनाकर देशभर में नेटवर्क फैलाया गया था। ईडी के मुताबिक मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई से इस पूरे नेटवर्क को कंट्रोल करते थे।



### हवाला नेटवर्क, क्रिप्टो से रकम ट्रांसफर

महादेव सट्टा एप की कमाई की रकम को लेकर ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रमोटरों तक पैसा पहुंचाने हजारों कं संख्या में डमी बैंक अकाउंट खोले गए। लोगों के केवायसी का दुरुपयोग किया गया। इसके बाद पैसा हवाला, क्रिप्टो और लेयरिंग के जरिए विदेश भेजा गया। उक्त राशि से यूएई और भारत में महंगी संपत्तियों में निवेश किया गया।

### 4336 करोड़ की संपत्तियां अटैच

ईडी ने इस मामले में अब तक 175 से ज्यादा ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किए। 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 74 लोगों को आरोपी बनाया गया। साथ ही रायपुर की विशेष पीएमएल अदालत में 5 प्रॉसिक्यूशन शिकायतें दाखिल की गई हैं। ईडी के मुताबिक अब तक इस मामले में कुल 4 हजार 336 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियां अटैच, सीज या फ्रीज की जा चुकी हैं।

### भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया

महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, अनिल अग्रवाल और शुभम सोनी के खिलाफ ईडी भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम 2018 के तहत कोर्ट में भगोड़ा घोषित करने आवेदन भी दायर किया है। एजेंसी का कहना है कि विदेश में बैठे आरोपियों को पकड़ने और अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क को खत्म करने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

## सीजीपीएससी 2021 के चयनित उम्मीदवारों को फायदा

# सीजीपीएससी से चयनित डिप्टी कलेक्टर डीएसपी को बड़ी राहत, मिलेगी ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर



खास खबर

सीजीपीएससी 2021 के चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इनके पक्ष में फैसला दे दिया है। गौरतलब है, चयनित डिप्टी कलेक्टर-डीएसपी को ज्वाइनिंग देने के छग हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग देने का निर्देश दिया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका खारिज की, हाईकोर्ट के फैसले के अनुरूप ज्वाइनिंग देने के निर्देश

सीजीपीएससी 2021 मामले में छग हाईकोर्ट के आदेश के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने स्पेशल पिटिशन लीव एसएलपी के माध्यम से सीजीपीएससी में डिप्टी कलेक्टर व डीएसपी के पद पर चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग देने के हाईकोर्ट ▸▸|शेष पेज 6 पर

### डिवीजन बेंच ने भी खारिज की थी

हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने अपने फैसले में राज्य सरकार को सीबीआई जांच के परिणाम के अधीन रहते हुए चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग देने का निर्देश दिया था। सिंगल बेंच के इस फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की थी। इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराया था। इसके बाद राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी।

## खेलों के रंग में रंगा छत्तीसगढ़

# ट्राइबल गेम्स का आगाज, पहले ही दिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का साइंस कॉलेज मैदान में बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। देशभर से पहुंचे खिलाड़ियों की उपस्थिति में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस आयोजन का आगाज किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ ▸▸|शेष पेज 6 पर

- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में आयोजन का शुभारंभ



### देशभर के खिलाड़ी अब प्रतिवर्ष आएंगे छत्तीसगढ़ की धरती पर

आयोजन को संबोधित करते हुए कहा गया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हो रही है। यह केवल एक बार का आयोजन नहीं है, बल्कि अब प्रतिवर्ष देशभर के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की धरती पर आएंगे और खेलेंगे। ▸▸|शेष पेज 6 पर

### छत्तीसगढ़ ने रजत और कांस्य पदक के साथ खोला खाता

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले दिन बुधवार को इंटरनेशनल स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में कर्नाटक के धनीश एन और ओडिशा की अंजलि मुंडा ने क्रमशः पुरुष और महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में ▸▸|शेष पेज 6 पर

# छत्तीसगढ़ में पहली बार निगम आयुक्त को हटाने 'अविश्वास'



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ में नगर पालिक निगम के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब निगम आयुक्त को हटाने के लिए सर्वसम्मति से सत्ता और विपक्ष के पार्षदों ने आवाज उठाई और संकल्प पत्र में नोट कर उसके खिलाफ अविश्वस प्रस्ताव लाया गया। भिलाई नगर पालिक निगम में बजट सत्र वर्ष 2026-27 को लेकर बुधवार को विशेष सम्मलेन हुआ। महापौर नीरज पाल ने अपने कार्यकाल का अंतिम बजट अभिभाषण से शुरू किया। इस दौरान चर्चा के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष में जमकर तकरार हुई। विपक्ष ने शिक्षा उपकर, निगम की संचित निधि, भू-भाटक राशि को दूसरे ▸▸|शेष पेज 6 पर

- हंगामे के बीच 742 करोड़ का बजट पारित

### मेयर ने बताया दुर्भाग्यजनक स्थिति

मेयर नीरज पाल का कहना है कि ऐसा छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी ने मिलकर एक साथ आयुक्त के खिलाफ धारा 54 के तहत उनको हटाने के लिए संकल्प पत्र लाया है। उन्होंने आयुक्त द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर कहा कि प्रदेश में ▸▸|शेष पेज 6 पर

## 4 लाख से अधिक भूमिहीन कृषकों के खातों में आए 495 करोड़



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 4 लाख 95 हजार 965 भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि श्रम और सम्मान को सशक्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## हवाई यात्रा होगी सस्ती, नई उड़ान योजना पर कैबिनेट की मुहर

# देश में बनेंगे 100 एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के संशोधित प्रारूप को मंजूरी दे दी। अगले 10 साल के लिए 28,840 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली इस योजना के तहत हवाई अड्डों के विकास, उनके रखरखाव और भारत में निर्मित विमानों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। देश में 100 हवाई पट्टियों को हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा और 200 आधुनिक हेलीपैड बनाए जाएंगे। ▸▸|शेष पेज 6 पर

### उड़ान 2.0 योजना

केंद्र के मुताबिक, 100 नए एयरपोर्ट्स बनाने के लिए सरकार उन एयरस्ट्रिप्स का इस्तेमाल करेगी, जो अब तक इस्तेमाल में नहीं है। हर एयरपोर्ट पर करीब 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए 12,159 करोड़ रुपए का अलग से बजट रखा गया है।



### आईवीआरटी 3.0 योजना

सरकार के मुताबिक आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिकों के रजिस्ट्रेशन को आपस में जोड़कर व्यवस्थित करेगा। यह सुरक्षित और एकीकृत सेवा ढांचे के तहत इन सेवाओं को आधुनिक बनाएगा। योजना के तहत मोबाइल आधारित सेवाएं और सेल्फ-सर्विस कियोस्क जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।

### क्लाइमेट टारगेट

*सरकार ने 2031 से 2035 के लिए नया एनडीसी प्लान मंजूर किया है। इसमें क्लाइमेट चेंज से लड़ने के लिए कई बड़े लक्ष्य तय किए गए हैं। भारत ने 2035 तक जीडीपी के मुकाबले 47 प्रतिशत एमिशन कम करने का टारगेट रखा है। इसके अलावा 60 प्रतिशत बिजली उत्पादन नॉन फॉसिल सोर्स से करने का लक्ष्य है। कार्बन सिंक को भी बढ़ाने की योजना है। इसके तहत 3.5 से 4 बिलियन टन सीओ-2 बराबर कार्बन स्टोर किया जाएगा। इसके साथ ही क्लाइमेट फ्रेंडली डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और ग्रीन लाइफस्टाइल को बढ़ावा देना भी प्लान में शामिल है।*



चिंतन

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करना हो अगला कदम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भड़कने के बाद एक बात पूरी दुनिया को समझ में आ गई है कि अब उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच की जरूरत है। इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा चर्चा का रुख निर्णायक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ दिया है। यूरोप, यूनाइटेड किंगडम और जापान जैसे देशों ने अपने घरेलू ऊर्जा स्रोतों को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह व्यवधान लंबा खिंच सकता है और संरचनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। आपूर्ति में कमी और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का असर बाजारों पर संघर्ष खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। इसी परिदृश्य में भारत भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास तेज कर रहा है। शायद यही हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प भी है। अधिक आक्रामक तरीके से ड्रिलिंग करने की मौजूदा पहल 2025 और 2026 की शुरुआत से ही गति पकड़ चुकी थी, जिसे अब भू-राजनीतिक दबावों ने और तेज कर दिया है। इस बदलाव का सबसे स्पष्ट संकेत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से मिला है, जिसकी हालिया पहल दिखाती है कि भारत अब केवल इरादों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 20 अरब डॉलर का वैश्विक टेंडर जारी कर गहरे समुद्र में ड्रिलिंग रिग्स किराए पर लेने का फैसला भारत की अपस्ट्रीम रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इस योजना का विशाल आकार और केवल 80 दिनों में रिग्स जुटाने की शर्त भारत के अन्वेषण इतिहास में शायद ही कभी देखी गई तत्परता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम उत्पादन वाले और नए (फ्रंटियर) दोनों तरह के बेसिन को कवर करता है। ओएनजीसी कृष्णा-गोदावरी बेसिन में गतिविधि बढ़ा रहा है और साथ ही अंडमान के अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहा है, जिन्हें लंबे समय से संभावनाशील लेकिन कम खोजे गए क्षेत्र माना जाता रहा है। बीपी, एक्सॉनमोबिल, टोटलएनर्जीज और पेट्रोब्रास जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी यह दर्शाती है कि भारत जटिल समुद्री क्षेत्रों में तेजी से परिणाम पाने के लिए तकनीक और विशेषज्ञता आयात करने को तैयार है। यह केवल ड्रिलिंग गतिविधि का विस्तार नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उछाल है। डीपवॉटर अन्वेषण महंगा और अनिश्चित होता है, लेकिन इसमें बड़े भंडार मिलने की संभावना होती है, जो भारत के ऊर्जा संतुलन को बदल सकती है। अरबों डॉलर का निवेश यह दिखाता है कि ऊर्जा सुरक्षा अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। सरकार अब रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम हो रहा है। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है। सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल बढ़ाना भी इस दिशा में अहम कदम हो सकता है। हालांकि इसमें भी समस्या सप्लाई चेन की ही है। हम ईवी के लिए अभी बड़े पैमाने पर चीन व अन्य देशों पर निर्भर हैं। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भता ही सर्वोत्तम विकल्प है। वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में जब दुनिया सप्लाई चेन के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हो गई है तो भी जरूरी है कि ऐसे स्रोतों का विविधीकरण करके किसी एक पर ही निर्भर न रहा जाए।



आर्थिकी
सतीश सिंह

इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# कमजोर और कमतर होता रुपया

बीस मार्च को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर 93.24 पर पहुंच गया, जो बाद में सुधरकर 93.12 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट का कारण कच्चे तेल का बढ़ता आयात बिल और विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकालना है। इस महीने की शुरुआत में रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही हैं। खाड़ी देशों में ईरान के हमलों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। भारत अपनी कुल जरूरत का 85% कच्चा तेल रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका और यूएई से आयात करता है, लेकिन फिलहाल अमेरिका के कारण रूस से तेल की आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ध्यान दें कि कच्चे तेल का भुगतान डॉलर में किया जाता है। तेल की कीमतें बढ़ने से डॉलर की मांग भी बढ़ी है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और रुपया कमजोर हो रहा है। तेल की कीमतें बढ़ने से हवाई यात्रा, परिवहन और जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी भारत में बढ़ रही हैं। 22 मार्च 2026 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 709.76 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से डॉलर अधिक खर्च हो रहा है, साथ ही रिजर्व बैंक रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर की लगातार बिक्री कर रहा है, क्योंकि वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। इन कारणों से 13 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.052 अरब डॉलर की तेज़ गिरावट दर्ज की गई थी। उससे पहले, 6 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट हुई थी। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2026 के मध्य में, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 725 अरब डॉलर से अधिक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक अनिश्चितता और डर के कारण, मार्च तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगभग 8 अरब डॉलर, यानी करीब 83,000 करोड़ रुपये, भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। रुपये के कमजोर होने के कारण, विदेशी निवेशक अपने पैसे सुरक्षित रखने के लिए भारत जैसे उभरते बाजार से पैसा निकालकर अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश कर रहे हैं। इस बिकवाली से रुपये कमजोर हो रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 फीसदी और भारत का लगभग आधा तेल गुजरता है। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस रूट पर आपूर्ति में बाधा का खतरा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक इस समुद्री मार्ग की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। रुपये की कमजोरी के कई दुष्परिणाम हैं। इसकी कमजोर स्थिति से भारत में आयात महंगे हो



जाएंगे, जैसे क्रूड ऑयल और इलेक्ट्रॉनिक आइटम, जिनमें मोबाइल और लैपटॉप भी शामिल हैं। आयात महंगा होने से देश के चालू खाते का घाटा बढ़ेगा। जिन कंपनियों ने विदेश से कर्ज लिया है, उन्हें चुकाने के लिए ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ेगी। इससे विदेश में पढ़ाई का खर्च भी बढ़ेगा, और यह भारत की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकता है। लगातार बढ़ती कच्चे तेल की कीमत महंगाई को बढ़ाएगी और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करना भी मुश्किल हो जाएगा, जिससे बचत में कमी, बैंकों को सस्ती पूंजी की किल्लत, कर्ज दर में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में कमी, महंगाई में वृद्धि और विकास दर में गिरावट आएगी। रुपये की कमजोरी के कुछ फायदे भी हैं, जैसे कि इससे निर्यातकों को लाभ होता है। आईटी, फार्मा और ऑप्टिकल उद्योग की कंपनियों को उनके उत्पाद या सेवाओं के लिए डॉलर में भुगतान मिलता है। जब ये डॉलर को रुपये में बदलते हैं, तो उन्हें अधिक रुपये मिलते हैं। भारत में विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा करना सस्ता हो जाएगा, जिससे स्थानीय पर्यटन क्षेत्र को फायदा होगा। विदेशों में काम करने वाले भारतीय अपने परिवारों को जो पैसा भेजते हैं, वह अधिक रुपये में मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक कच्चे तेल की कीमतें 110-115 डॉलर से ऊपर हैं और विदेशी निवेशक बेचवाली कर रहे हैं, रुपये कमजोर बना रहेगा। यदि वैश्विक माहौल में कोई सुधार नहीं होता, तो यह 94 के स्तर को भी पार कर सकता है।

किसी भी देश की मुद्रा का मूल्य मुख्य रूप से उसके अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत को अधिक सामान जैसे कच्चा तेल मंगवाना हो तो उसे अधिक डॉलर की आवश्यकता होगी। इस मांग के बढ़ने पर डॉलर की कीमत बढ़ेगी और वह महंगा हो जाएगा, जिससे रुपया कमजोर हो जाएगा। मुद्रा की कीमत का निर्धारण देश की महंगाई दर, ब्याज दरें और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी करता है। जब महंगाई कम रहेगी तो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और अर्थव्यवस्था स्थिर रहने पर विदेशी निवेशक भारत में निवेश करेंगे, जिससे डॉलर की आमद बढ़ेगी और रुपया मजबूत होगा। आसान शब्दों में, दुनिया में जिस मुद्रा की मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, उसकी कीमत भी उतनी ही अधिक होगी।

अंत में कहा जा सकता है कि रुपये की कमजोरी के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जिससे देश में निवेश घट रहा है, क्योंकि भारत में विदेशी निवेशकों का अहम योगदान है। इसके अतिरिक्त, इससे भारत में उर्वरक, तेल और रसोई गैस की कमी हो गई है। शिपिंग मार्गों में रुकावट से कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है। इन बाधाओं से महंगाई बढ़ी है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार कम हो रहा है। वर्तमान स्थिति में सरकार को उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सब्सिडी देनी पड़ेगी, क्योंकि भारत में उर्वरक का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इससे राजकोषीय दबाव का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

(लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रामनवमी पर विशेष
मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

# श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## राम की मूर्ति को अंतिम रूप



महाराष्ट्र के नागपुर में चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान राम नवमी से पहले एक कलाकार भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहा है।

## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- विजय देवांगन, कुम्हारी*

## करंट अफेयर

# ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क

ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान, थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए हैं।



## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ट्रांसजेंडर विधेयक



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आईपीडी टावर की उपेक्षा



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बिहार में अपराध



बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

**-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# कंटेनरों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर रोक, जिला प्रशासन के निर्देश

## राज्य स्तर पर बना कंट्रोलरूम, खाद्य विभाग ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

प्रदेश में पेट्रोल पंपों पर ड्रम, डिब्बा और जैरी कैन में पेट्रोल-डीजल देने पर सख्ती बढ़ा दी गई है। तेल कंपनियों और जिला प्रशासन की ओर से पंप संचालकों को मौखिक निर्देश गए हैं कि किसी भी स्थिति में कंटेनरों में ईंधन की बिक्री न करें। नियम उल्लंघन की स्थिति में पंप को बंद करने तक की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पेट्रोल-डीजल की किल्लत न हो, इसके लिए राज्य शासन ने अभियान शुरू कर दिए हैं। राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलों में खाद्य विभाग सभी जिलों को लगातार निर्देश जारी कर रहा है।

पंप संचालकों को भेजे गए संदेश में कहा गया है कि यदि किसी भी प्रकार की फोटो या वीडियो के माध्यम से उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित पंप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें तेल कंपनी और कलेक्टोरेट, दोनों स्तर पर लाइसेंस निलंबन या पंप बंद करने की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के मुगलसराय डिपो से छत्तीसगढ़ आने वाली डीजल सप्लाई भी प्रभावित हो गई है। अब तक राज्य में प्रतिदिन करीब 400 टैंकर डीजल पहुंच रहा था, लेकिन कंज्यूमर पंप के डीजल रेट में हाल ही में करीब 22 रुपए प्रति लीटर की



बढ़ोतरी के बाद यह व्यवस्था लगभग ठप हो गई है। कीमत बढ़ने के कारण उत्तर प्रदेश से आने वाला डीजल, छत्तीसगढ़ के रिटेल पेट्रोल पंपों की तुलना में 10 से 12 रुपए प्रति लीटर महंगा पड़ने लगा है। इससे कंज्यूमर पंप संचालकों ने बाहर से डीजल मंगाना बंद कर दिया है। ऐसे में एक ओर जहां रिटेल पंपों पर कंटेनरों में डीजल देने पर रोक है, वहीं दूसरी ओर कंज्यूमर पंप महंगे हो गए हैं। इस दोहरी स्थिति का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

छोटे किसान, ठेकेदार और कारोबारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ट्रैक्टर, जेसीबी, जनरेटर और अन्य मशीनों के लिए डीजल लाना मुश्किल हो गया है। खासकर दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में उपकरणों को बार-वार पेट्रोल पंप तक ले जाना व्यावहारिक नहीं होने से परेशानी और बढ़ गई है। स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में प्रशासन पर नियमों में आंशिक राहत देने का दबाव बढ़ सकता है।

पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, साथ ही किसी भी पेट्रोल पंप पर कमी नहीं है। पेट्रोलियम टर्मिनलों में भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वहीं, एलपीजी की बात करें तो कमर्शियल एलपीजी की मात्रा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी है। राज्यों से ढाबों, होटलों, औद्योगिक कैंटीनों और प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता देने को कहा गया। अब तक राज्यों को लगभग 22 हजार टन कॉमर्शियल एलपीजी आवंटित की जा चुकी है। इसके अलावा करीब 30 हजार 5 किलो के सिलिंडर जारी किए गए हैं। घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

## एक्सीडेंट रोकने सड़कों पर जमकर प्रयोग, कारगर कुछ भी नहीं

# सड़क हादसों का जिला रायपुर... सालभर में 2305 एक्सीडेंट में 701 की मौत, 1560 घायल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राजधानी समेत रायपुर जिले में यातायात को सुगम बनाने जमकर प्रयोग हुआ, मगर बड़ी सफलता एक कोशिश में भी नहीं मिली। रायपुर जिला सड़क हादसों के लिए सालभर चर्चा में रहा। इस अवधि में जिले में रोड एक्सीडेंट के 2305 मामले हुए, जिसमें 701 लोगों ने जान गंवाई और 1560 लोग जख्मी होकर अस्पताल पहुंचे। इन हादसों की वजह से तेलीबांधा थाना क्षेत्र सबसे डेंजर जोन साबित हुआ। एक्सीडेंट के मामले में धरसींवा और टिकरापारा इलाका भी पीछे नहीं रहा।

रायपुर जिले की यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस दर्जनों प्रयोग कर चुकी है मगर इसका ज्यादा रिस्पांस होने वाले हादसों को कम करता नजर नहीं आ रहा है। एक्सीडेंट के लिए संवेदनशील माने जाने वाले इलाकों में संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, लाइट सहित अन्य उपाय किए जा रहे हैं, मगर उनकी कोशिश सफल होती नजर नहीं आ रही है। शहर के भीतर से लेकर बाहर तक ट्रैफिक जवानों की मुस्तैदी वाहनों के कागजों की जांच तक सीमित नजर आती है। सड़क हादसों को कम करने के लिए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर पीडब्लूडी, जिला प्रशासन, नगर-निगम, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम शुरू किया गया मगर सड़क हादसे कम नहीं हुए। पिछले दिनों विधानसभा में विधायक अनुज शर्मा के सवाल पर लिखित जवाब में उपमुख्यमंत्री (गृह) विजय शर्मा ने बताया कि

## सबसे डेंजर जोन तेलीबांधा, धरसींवा और टिकरापारा भी पीछे नहीं



जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक रायपुर जिले के 31 थानों में रोड एक्सीडेंट के 2305 मामले पंजीबद्ध हुए जिसमें 701 लोगों ने जान गंवाई और 1560 लोग घायल हुए। इनमें 19 मामलों में मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख और एक मामले में घायल को 50 हजार रुपए क्षतिपूर्ति प्रदान की गई और दो मामलों में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

सड़क हादसे के दौरान घायलों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाकर डेथ रेश्यो को कम करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाने का काम भी शासन द्वारा किया जा रहा है। सालभर की इस अवधि में कुल 59 लोग ऐसी आपात स्थिति के दौरान लोगों को मददगार बने। ऐसे लोगों को शासन द्वारा पारितोषिक भी प्रदान किया गया। इसके अलावा सड़क हादसों में कमी लाने के लिए हाइवे पेट्रोलिंग और सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जा रही है। बीच शहर में वाहनों की रफ्तार कम होने की वजह से यहां रोड एक्सीडेंट के मामले भी काफी कम संख्या में सामने आए हैं। मसलन गोलबाजार थाने में सालभर के भीतर सड़क हादसों की 10 शिकायत आई इसमें जान गंवाने वाले की संख्या एक रही। इसी तरह मौदहापारा थाना क्षेत्र में 15 एक्सीडेंट में 1, आजाद चौक थाना क्षेत्र में 17 प्रकरणों में तथा सरस्वती नगर थाना क्षेत्र 19 घटनाओं में तीन लोगों ने जान गंवाई।

### रोड एक्सीडेंट में टॉप टेन थाने

| थाना | एक्सीडेंट | मृतक | जख्मी |
|---|---|---|---|
| तेलीबांधा | 196 | 25 | 96 |
| धरसींवा | 178 | 89 | 78 |
| टिकरापारा | 168 | 15 | 96 |
| खरोरा | 139 | 85 | 122 |
| नेवरा | 133 | 66 | 94 |
| मंदिर हसौद | 126 | 51 | 91 |
| सिविल लाइन | 124 | 12 | 91 |
| आरंग | 110 | 60 | 84 |
| अभनपुर | 104 | 44 | 95 |
| आमानाका | 91 | 19 | 49 |

# पति से विवाद पर मां ने बच्चे को जमीन पर पटका



अंबिकापुर/जांजगीर। सूरजपुर जिले में हैरान करने वाली घटना में पति से हुए विवाद पर एक मां ने अपने 4 महीने के बच्चे को जमीन पर पटक दिया जिससे बच्चे की मौत हो गई। ऐसी ही घटना जांजगीर-चांपा में भी हुई जहां पत्नी से विवाद पर पिता ने ली ली मासूम बच्चे की जान।

सूरजपुर जिले में बुधवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। माता से कुमाता बनी सनकी महिला ने अपने ही चार महीने के बच्चे को उठाकर पटक दिया। पति से हुए विवाद और खाना बनाने के लिए बोलने पर सनकी महिला ने रो रहे बच्चे को जमीन पर पटका और फिर उठाकर पति की गोद में रख दिया। मासूम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर उमेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम जयपुर निवासी सुनसाय प्रजापति का 25 मार्च की सुबह किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद सुनसाय पत्नी वृन्दवती को खाना बनाने के लिए बोलकर घर से सामने रहने वाले कोटवार के पास राम नवमी पर होने वाली पूजा के लिए चर्चा करने चला गया था। सुनसाय व कोटवार घर के बाहर ही बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान दोनों का चार महीने का बच्चा अचानक रोने लगा। बच्चे के रोने पर सनकी महिला वृन्दवती ने बच्चे को चुप कराने के बदले आवेश में उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे बच्चा बेहोश हो गया। इस दौरान यह पूरी घटना घर के सामने कोटवार के यहां बैठा पति देख रहा था। बच्चे को उठाकर पटकने के बाद महिला ने मासूम को उठाकर सामने बैठे पति की गोद में लाकर रख दिया। इस घटना के बाद आनन फानन में युवक अपनी मां के साथ बच्चे को लेकर जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचा जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी मंजू सिंह ने बताया कि इस मामले शून्य पर मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### पत्नी से विवाद परपिता ने ले ली बेटे की जान

पत्नी से किसी बात को लेकर हुए विवाद से सिरफिरे पिता ने अपने ही डेढ़ साल के मासूम बच्चे के सिर पर ईंट दे मारी। घटना में लहू लुहान हुए मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी पिता को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के हिर्री गांव की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हिर्री निवासी 35 वर्षीय शिवाजी निषाद बुधवार 25 मार्च की सुबह 10 बजे घर पर अपनी पत्नी से खाना मांगा, नहीं मिलने पर गुस्से आ गया। इस दौरान उसने खाट पर लेटे अपने ही डेढ़ साल के मासूम बेटे अनुराग को उठा लिया। घरवाले कुछ समझ पाते कि बच्चे को अपने साथ लेकर घर के पास ही रखे ईट को पकड़ा और मासूम के सिर पर दे मारा। इस बीच बच्चों की दादी बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी ईट से हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गई। इतने में वहां चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठे हो गए परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आरोपी शिवाजी को पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
इरकॉन
IRCON
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–निविदा सं. : IRCON/2059/CGRP/e-TENDER/25-26/URGA-DHASKAMUNDA/1A दिनांक : 25.03.2026
छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले निविदादाताओं से "साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में नई बीजी विद्युतीकृत छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल कॉरीडोर फेज–II के संबंध में आरओआर लाइन (धसकामुंडा यार्ड छोड़कर) के साथ उरगा–धसकामुंडा खंड के 2x25 केवी, 50 एचजैड, सिंगल फेज, ओएचई ट्रैक्शन सिस्टम, स्विचिंग पोस्टों, स्काडा का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग तथा संबद्ध कार्य" के कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 81,72,29,139/- |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.04.2026 को 15.00 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। परियोजना निदेशक/सीजीआरपी, इरकॉन, प्रथम तल, आर्क, जूडियो के सामने, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495001

# हाईकोर्ट के पांच जजों को स्थाई जज रूप में मिली नियुक्त

बिलासपुर। हाईकोर्ट के पांच जजों को स्थाई जज के रूप में नियुक्ति मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन पांच जजों को स्थाई जज के रूप में मंजूरी दे दी है। इसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा इन पांचों जजों को स्थाई जज के रूप में शपथ दिलाई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पांच जजों को स्थाई जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस बिभु दत्ता गुरु, जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद का नाम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 24 मार्च को आयोजित अपनी बैठक में छत्तीसगढ़ के पांच अस्थाई जजों को स्थाई जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस



संबंध में कॉलेजियम ने आदेश जारी कर दिया है। पहले जजों की नियुक्ति अस्थाई तौर पर की जाती है, उसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा अस्थाई जजों को उनके कामकाज के मापदण्डों के अनुसार स्थाई करने की अनुशंसा संबंधी पत्र कॉलेजियम को भेजा जाता है। कॉलेजियम की सहमति और स्वीकृति के बाद स्थाई जज के रूप में नियुक्ति होती है। कॉलेजियम द्वारा स्थाई जज के रूप में नियुक्ति का आदेश जारी करने के बाद जजों को स्थाई जज के रूप में शपथ लेना होता है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा इन जजों को स्थाई जज के रूप में शपथ दिलाई जाएगी, जिसके लिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा विधिवत आदेश जारी किया जाएगा।

# इस साल बांधों की स्थिति अच्छी, गर्मी के पहले विभाग तैयार कर रहा प्लान

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ के बांधों में इस बार पानी का भराव पिछले दो सालों के मुकाबले काफी अच्छा है। ऐसे में गर्मी में निस्तारी और पेयजल के लिए पानी छोड़ने के संबंध में विभाग की ओर से रणनीति तैयार की जा रही है। प्रदेश में राज्य और जिला स्तर पर जल उपयोगिता समिति का गठन किया गया है, जो उन क्षेत्रों की मांग के आधार पर पानी छोड़ने की अनुसंशा करेगी। मार्च के महीने में कई स्थानों पर हैड़पंप की धार पतली होने के कारण आने वाले माह में ये पानी की किल्लत के संकेत दे रहे हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के 12 बड़े बांधों में 73 और 34 मध्यम बांधों में 70 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। वर्ष 2025 में 49 प्रतिशत और 2024 में 50 प्रतिशत मुकाबले काफी अच्छा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अप्रैल से जून माह गर्मी के प्रभाव के कारण पेयजल की कमी को पूरा करने में सहायक होगी। मांग आने पर जिला और प्रदेश जल उपयोगिता समिति के अनुसंशा के बाद बांधों से पानी छोड़ा जाएगा।


अधिकारियों का मानना है कि पीक गर्मी के समय पानी छोड़े जाने पर टेल एरिया तक पानी पहुंचाने में सहायक होगी। रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और बलरामपुर सहित कई जिलों में भूजल स्तर गिरने से कुएं-हैंडपंप सूख गए हैं और नल-जल योजनाएं ठप होने से लोगों को पानी को की किल्लत हो रही है। यहां पर टैंकरों से नगर निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है। राजधानी में डूमरतालाब और अन्य कुछ वार्डों में इस तरह की शिकायतें आई है। अभी कुछ दिनों में मौसम में बदलाव के बाद आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी होने से स्थिति और क्रिटिकल होने का अंदाज लगाया जा रहा है।

## पहली सूची के बीते साल अप्रैल में आने के बाद से कई बार दूसरी सूची को लेकर चर्चा चली, पर सूची नहीं आई

# निगम, मंडल, आयोग की कुर्सी के लिए सालभर से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों के लिए भाजपा नेताओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहली सूची बीते साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। पहले संभावना जताई जा रही थी कि दूसरी सूची भी जल्द आएगी, लेकिन सूची के लिए इंतजार लंबा होता गया और पूरा साल ही निकल गया। अब नए साल में तीसरा माह समाप्त होने वाला है, लेकिन दूसरी सूची का कहीं कोई पता नहीं है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन होने की भी बात भी कई बार की गई, लेकिन अब तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बदल गए हैं। पर एक अच्छी बात यह है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बने हैं। ऐसे में अध्यक्ष के साथ नामों को लेकर संभवतः नए सिरे से मंथन की




जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। बीते साल कई मौकों पर सूची के जारी किए जाने की बात सामने आई पर कोई सूची जारी नहीं हो सकी। बीच-बीच में एक-दो पदों को लेकर जरूर अलग से आदेश हुए हैं, लेकिन जो लंबी सूची बची है, वह अब तक फाइनल नहीं हो सकी है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर अब तक इंतजार हो रहा है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा।

### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी बाकी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद बीते साल विस्तार हो चुका है। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। प्रदेश सरकार का करीब सवा दो साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, पर अब तक संसदीय सचिवों के नाम भी फाइनल नहीं हो सके हैं।




यह कैसे काम करता है:

- बैंक ग्राहकों की केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करके उसे सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) पर अपलोड करते हैं
- ग्राहक को 14-अंकों का एक नंबर जारी किया जाता है
- अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा नया खाता खोलने और री-केवाईसी करने के लिए ग्राहक के मौजूदा केवाईसी संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु 14-अंकों के इस नंबर का उपयोग किया जा सकता है




अपना सीकेवाईसी नंबर प्राप्त करने के लिए:
अपने बैंक से संपर्क करें या 7799022129 पर मिस्ड कॉल दें या https://ckycindia.in पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/CKYCR पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in



स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस बहुत पेनफुल समस्या है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस जैसी स्पाइन रिलेटेड समस्याओं के ट्रीटमेंट में ईएसडीएस काफी इफेक्टिव हो सकती है। किस तरह की जाती है यह सर्जरी और नॉर्मल सर्जरी से कैसे है यह अलग, जानिए।

# स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस के ट्रीटमेंट में इफेक्टिव ईएसडीएस

**ट्रीटमेंट**



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली



रीढ़ की गठिया यानी स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस की समस्या के इलाज के अंतिम विकल्प के रूप में एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) से मरीजों को अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। इसके साथ ही सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर करने में भी ईएसडीएस कारगर साबित हो रही है। ईएसडीएस की सफलता दर 95 प्रतिशत से ज्यादा है। इस तरह की सर्जरी के लिए इंट्राऑपरेटिव कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम, व्-आर्म और 3डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करके इंट्राऑपरेटिव 3डी रिकंस्ट्रक्शन इमेजिंग और रोबोट का प्रयोग किया जाता है।

**क्या है यह सर्जरी:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के तहत सर्जन रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के प्रभावित भाग पर एक सूक्ष्म चीरा या कट लगाते हैं। फिर इस कट के जरिए वह एंडोस्कोप को मरीज के प्रभावित भाग जैसे रीढ़ की वर्टिब्रा या डिस्क के समीप ले जाते हैं। एंडोस्कोप एक ट्यूब सदृश होती है, जिसमें लाइट और कैमरा फिट होते हैं, जिनकी मदद से सर्जन ईएसडीएस की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं।



**नहीं होती कटिंग:** इस सर्जरी का नाम एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) तो है लेकिन खास बात यह है कि इसमें चीरफाड़ के स्थान पर रेडियो फ्रीक्वेंसी वेव्स, शॉक वेव्स, अल्ट्रासोनिक वेव्स और 'कोल्ड लेजर' का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा ओजोन का तरल रूप में इस्तेमाल भी करते हैं। रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के एब्नॉर्मल टिशूज को फ्रीज करके हटा दिया जाता है। स्पाइन के एब्नॉर्मल भाग को निकाल कर उसे वैक्यूम के जरिए सक कर निकाल लिया जाता है। ऐसा प्रोसीजर ट्रेडिशनल सर्जरी में नहीं होता।

**सर्जरी प्रोसीजर:** सर्जरी से पहले एंडोस्कोपी के जरिए विकारग्रस्त हड्डी की सटीक एनाटॉमी अत्यधिक सुस्पष्ट, बड़े (इनलार्ज) रूप में सर्जन को पता चल जाती है। जब कीहोल के जरिए एंडोस्कोपी को स्पाइन के प्रभावित भाग तक पहुंचाया जाता है, तब उस भाग की बड़ी और स्पष्ट छवि नजर आती है, जिससे सर्जन को सटीक ऑपरेशन करने में मदद मिलती है। ये विशेषताएं पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होतीं।

**नर्व्स रहती हैं सुरक्षित:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के दौरान स्पाइन के इर्द-गिर्द स्थित नसें (नर्व) सुरक्षित रहती हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होती। नसों के सुरक्षित रहने की स्थिति में मरीज तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से संबंधित कई आशंकित समस्याओं से सुरक्षित रहता है। जबकि यह बात पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होती।

**मधुमेह और हृदय रोगियों को राहत:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में सर्जिकल टाइम कम होता है। इस कारण मरीज को एनेस्थीसिया भी कम दी जाती है। इस कारण मधुमेह और हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों या फिर बढ़ती उम्र में होने वाली जटिलताओं से गुजर रहे व्यक्तियों में सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान होने वाला जोखिम बहुत कम हो जाता है।

**देते हैं लोकल एनेस्थीसिया:** अनेक मरीज बेहोशी शब्द सुनकर डर जाते हैं, लेकिन ईएसडीएस के अधिकतर मरीजों में लोकल एनेस्थीसिया से ही काम चल जाता है। इस सर्जरी में ज्यादातर लोकल एनेस्थीसिया देने से ज्यादातर मरीजों को बेहोश करने की जरूरत नहीं होती।

**रक्त की कम हानि:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में रक्त का कम से कम नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में मरीज के ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**अगले दिन डिस्चार्ज:** सर्जरी के अगले दिन व्यक्ति अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है, जबकि पारंपरिक सर्जरी में ऐसा नहीं होता। सर्जरी के लगभग एक हफ्ते के बाद व्यक्ति अपने कार्य पर वापस जा सकता है। जो लोग वजन उठाने या शारीरिक श्रम से संबंधित कार्यों से जुड़े हैं, वे लोग भी अपने कार्य कर सकते हैं। आमतौर पर ट्रेडिशनल ओपन सर्जरी के बाद लगभग 20 से 25 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'फेल्ड बैक सर्जरी सिंड्रोम' कहते हैं। इसके विपरीत ईएसडीएस में अधिकतम 1 से 2 प्रतिशत मामलों में ही रिवीजन सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

**डाइट सजेशन**

शिखर चंद जैन

लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के समय या दिन में एक दो बार खाने का विचार आना सामान्य है, लेकिन ऐसा जब दिन में कई बार या कहें बार-बार आने लगे तो ऐसा फूड नॉइज के कारण हो सकता है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। इसका आपके सामान्य जीवन पर गहरा असर हो सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ बचाव के बारे में भी जानिए।

# फूड नॉइज जब दिमाग में हर वक्त आए सिर्फ खाने का विचार





कई लोगों के मन में हमेशा या कुछ कुछ देर के बाद खाने का विचार आता रहता है। कई बार तो एक समय का खाना खाने के दौरान ही दूसरे वक्त के खाने के बारे में खयाल आने लगते हैं। खाने के विचारों पर इस तरह का अनियंत्रण फूड नॉइज की वजह से हो सकता है।

## क्या है फूड नॉइज

जब आपके दिमाग में बार-बार लगातार सिर्फ भोजन की बातें गूंजने लगती हैं या कभी व्हाट्सएप, कभी यू-ट्यूब या कभी इंस्टाग्राम अथवा फेसबुक के माध्यम से अच्छे-बुरे फूड, नए-पुराने फूड या पौष्टिक-जंक फूड की चर्चा आपके जेहन में पहुंचाई जाती हैं तो यह सिचुएशन फूड नॉइज कहलाती है। फूड नॉइज का अर्थ है, भोजन के बारे में लगातार और अकसर परेशान करने वाले विचार। यह केवल 'भूख' लगने जैसा नहीं है। यह मन में चलने वाली एक ऐसी रेडियो फ्रीक्वेंसी की तरह है, जो आपको हर समय खाने, अगले भोजन की योजना बनाने या विशिष्ट खाद्य पदार्थों की लालसा के बारे में बताती रहती है। वास्तव में यह एक मेंटल स्टेट होती है। लेकिन अगर सही तरीके से मैनेज किया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

## फूड नॉइज के मुख्य लक्षण

फूड नॉइज महसूस करने वालों में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- पेट भरा होने के बावजूद भोजन के बारे में सोचना। हर वक्त भोजन की योजना बनाना, जैसे रात के खाने में क्या होगा? या कल दोपहर क्या खाएंगे? इस तरह के विचारों का बार-बार आना।



- खाने पर नियंत्रण की कमी। यानी, खाने की इच्छा को नजरअंदाज करना लगभग असंभव लगना।
- खाने से भावनात्मक संबंध महसूस होना। किसी प्रकार के तनाव या बोरियत महसूस होने पर तुरंत खाने के बारे में सोचना।

## सामान्य भूख से अलग

जैविक भूख तो शरीर की जरूरत होती है। पेट में गुड़गुड़ाहट होना, ऊर्जा कम महसूस होना और खाना खाने के बाद यह शांत हो जाना, यह सब सामान्य है। लेकिन फूड नॉइज एक मानसिक समस्या है। खाना खाने के तुरंत बाद भी व्यक्ति यह सोच सकता है कि फ्रिज में रखी मिठाई या कोई डिश कब खानी है?

## फूड नॉइज के मुख्य कारण

मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। जब हम भोजन देखते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क डोपामाइन रिलीज करता है। जिन लोगों में फूड नॉइज अधिक होता है, उनका मस्तिष्क भोजन के संकेतों (जैसे विज्ञापन या गंध) के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। हार्मोनल असंतुलन भी इसकी एक वजह है। शरीर के कुछ हार्मोन भूख और तृप्ति को नियंत्रित करते हैं। जैसे लेप्टिन मस्तिष्क को बताता है कि पेट भर गया है, जबकि घ्रेलिन यह भूख लगने का संकेत देता है। फूड नॉइज से ग्रस्त लोगों में इन हार्मोंस का संचार ठीक से नहीं होता, जिससे मस्तिष्क को कभी 'फुल' होने का संकेत नहीं मिलता। इनके अलावा कुछ दवाओं के सेवन ने भी फूड नॉइज शब्द को लोकप्रिय बनाया है। ये दवाएं मस्तिष्क में जी एक पी-1 रिसेप्टर्स पर काम करती हैं, जो न केवल पाचन को धीमा करती हैं बल्कि मस्तिष्क में उस 'शोर' को भी शांत कर देती हैं। कई लोग इन दवाओं को लेने के बाद पहली बार महसूस करते हैं कि बिना भोजन के विचार के भी रहा जा सकता है।

इसके अलावा तनाव और चिंता इसकी बड़ी वजह है। तनावपूर्ण स्थितियों में मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है और कैलोरी-युक्त भोजन की मांग करता है। प्रतिबंधित डाइटिंग भी इसकी वजह हो सकती है। जब हम किसी चीज को खाने से खुद को सख्ती से रोकते हैं, तो मस्तिष्क उस चीज के प्रति अधिक 'शोर' पैदा करता है।

## फूड नॉइज का जीवन पर प्रभाव

फूड नॉइज समस्या के कई तरह के मानसिक प्रभाव दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं-



**मानसिक थकान:** हर समय भोजन के बारे में सोचना मानसिक रूप से आपको थका देने वाला होता है।

**अपराध बोध:** बार-बार खाने के विचारों के कारण व्यक्ति खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

**एकाग्रता में कमी:** फूड नॉइज से ग्रस्त व्यक्ति का काम या पढ़ाई के दौरान भी ध्यान भोजन पर ही बना रहता है। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)

### फूड नॉइज को कैसे रोकें



**इस समस्या** के समाधान के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग:** खाते समय पूरी तरह से भोजन पर ध्यान देना और उसके स्वाद को महसूस करना।

**पर्याप्त प्रोटीन और फाइबर:** ये लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास कराते हैं, जिससे मानसिक लालसा कम हो सकती है।

**नींद:** नींद की कमी भूख बढ़ाने वाले हार्मोंस को सक्रिय कर देती है।


**प्रोफेशनल मदद:** यदि यह ईटिंग डिसऑर्डर का रूप ले ले, तो मनोवैज्ञानिक या डाइटिशियन से सलाह लेना आवश्यक है।

---

# मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है

**फिटनेस फंडा**

विकास सालगोत्रा



एक्टर विकास सालगोत्रा इन दिनों सोनी सब पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सीरियल में उनकी बॉडी काफी फिट और टोंड दिख रही है। वे अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मैं प्योर वेजिटेरियन हूं, इसलिए कोशिश करता हूं कि सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मुझे वेजिटेरियन फूड से ही मिलें। इसीलिए अपनी डाइट में मैं प्रोटीन, फाइबर को प्रचुर मात्रा में शामिल करता हूं। मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है।

**वर्कआउट रूटीन:** अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन करने के लिए मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन वर्कआउट जरूर करता हूं। मेरा वर्कआउट रूटीन-हार्डकोर हैवी वेट ट्रेनिंग और कार्डियो का कॉम्बिनेशन होता है। इसके अलावा मुझे जॉगिंग करना भी बहुत पसंद है। इसलिए जॉगिंग भी करता हूं।

**बिजी शेड्यूल में टाइम:** यह सही है कि मेरा शेड्यूल बिजी रहता है। लेकिन मैं अपने फिटनेस को लेकर समझौता नहीं करता, उसके लिए टाइम जरूर निकालता हूं। इसके लिए मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा ना सोऊं, ताकि अपने फिटनेस रूटीन के लिए समय निकाल सकूं। हेल्थ के लिए जितनी देर सोना जरूरी है, उतना ही सोता हूं। आलस में बेड पर पड़े रहकर टाइम वेस्ट नहीं करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं। इसके अलावा मेडिटेशन और योगाभ्यास भी करता हूं। अच्छी किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजाता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस और एनर्जी लेवल मुझे बहुत इंस्पायर करते हैं।

**रीडर्स के लिए मैसेज:** अपने फैंस और रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस दिमाग से शुरू होती है। अपने बारे में और दूसरों के लिए हमेशा अच्छा सोचिए, यही असली फिटनेस का मंत्र है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

---

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

बदलते मौसम में शारीरिक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। इनसे बचाव के लिए अन्य सावधानियों के साथ ही आप नीम की कोमल पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। ये किस तरह फायदेमंद है, बता रहे हैं विस्तार से।

# मौसमी रोगों से बचाती हैं नीम की कोमल पत्तियां





अपने देश में ऋतुओं के बदलने के साथ ही हमारी जीवनशैली भी बदल जाती है। इस तरह देखें तो हमारा शरीर बहुत कुछ प्राकृतिक बदलाव के साथ बदलता है। अगर हम इस बदलाव के अनुकूल नहीं चलते तो हमें कई तरह की शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर इस बदलाव को प्रकृति के साथ बदल लेते हैं, तो निरोग रहते हैं। इन दिनों के वसंत ऋतु के दौरान वातावरण में हल्की गर्मी शुरू हो जाती है। ऐसे में हवा में पराग कणों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस दौरान अगर सावधानी न बरती तो कई तरह की मौसमी बीमारियों के चंगुल में आ सकते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद में नीम की कोमल पत्तियों को 'सर्वरोग निवारणी' कहा गया है। वसंत ऋतु में नीम के पेड़ों पर नई कोमल और हल्की कड़वी पत्तियां निकलती हैं, तब उन्हें विशेष रूप से औषधीय माना जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में बहुत से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग नीम की कोमल पत्तियों को चबाकर खाते हैं।

**कम करे विषैले पदार्थ:** आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु में शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है। क्योंकि शीत ऋतु में हम प्रायः दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा और गरिष्ठ भोजन करते हैं। इस मौसम में मेहनत भी दूसरो मौसमों के मुकाबले कम करते हैं। यही कारण है कि सर्दी के दौरान खूब खाया गया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है। एलर्जी, जुकाम, त्वचा रोग, सुस्ती और पाचन संबंधी गड़बड़ियों का नाता कहीं न कहीं इस मौसम की परिस्थितियों से होता है। ऐसे में नीम की पत्तियों का खाना बहुत लाभकारी होता है। नीम की पत्तियों का कड़वा स्वाद शरीर के भीतर जमा कफ और विषैले तत्वों को कम करने में सहायक होता है। इसलिए आयुर्वेद में वसंत को शोधन यानी सफाई का मौसम कहा जाता है और इस प्रक्रिया में ही नीम की पत्तियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**बढ़ाए प्रतिरोधक क्षमता:** नीम की पत्तियों में कई प्रकार के जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं जैसे-निंबिन, निमगिन और एंटीऑक्सीडेंट यौगिक। ये तत्व हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आज के समय जब प्रदूषण, असंतुलित खान-पान और तनाव, हमारी प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर कर रहा है, तब नीम की पत्तियां पहले से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सस्ती और सुलभ प्राकृतिक औषधि के रूप में हमें उपलब्ध होती है। अगर हम इस मौसम में नियमित रूप से नीम की पत्तियों का प्रतिदिन सेवन कर लें तो एक महीने का सेवन पूरे साल हमें कई तरह के शारीरिक संक्रमणों से बचाता है।

**त्वचा की सुरक्षा-रक्त शुद्धि:** वसंत ऋतु में त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं, जैसे दाने निकलना, खुजली, फुंसियां होना तथा एलर्जी होना। नीम को इन सभी तरह की समस्याओं से छुटकारा देने वाली प्राकृतिक औषधि माना जाता है। इसके अलावा नीम की पत्तियों वाले उबले पानी से नहाएं तो हमें कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। रक्त शुद्धि करने वाला नीम इसीलिए सदियों से भारतीय समाज में एक औषधीय पेड़ के रूप में ही उगाया जाता रहा है।

**करे पाचन में सुधार:** नीम की कड़वाहट हमारी पाचनशक्ति को भी सक्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कोमल नीम की पत्तियां कुछ दिनों तक सेवन करने से शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती हैं। यही नहीं इस मौसम में नीम की पत्तियां सेवन करने से हमारा पाचनतंत्र बेहतर और मजबूत होता है। *



# उतार-चढ़ाव भरे बाजार से निवेशकों ने बनाई दूरी, नए रजिस्ट्रेशन में भारी गिरावट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव का असर अब सीधे निवेशकों की संख्या पर दिखने लगा है। वित्त वर्ष 2026 में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बाजार की अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने माहौल को कमजोर किया है।


- यह पिछले तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में वित्त वर्ष 2026 के दौरान नए निवेशकों के जुड़ने में करीब 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। यह पिछले तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। इस दौरान करीब 1.5 करोड़ नए निवेशक जुड़े, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह संख्या 2.12 करोड़ थी। बाजार में जारी गिरावट और अनिश्चित माहौल ने नए निवेशकों को सतर्क बना दिया है।

## एनएसई में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार में 30 फीसदी की गिरावट आई

### कुल निवेशकों की संख्या बढ़ी, लेकिन रफ्तार धीमी

हालांकि नए निवेशकों की संख्या में कमी आई है, लेकिन कुल निवेशकों का आधार बढ़ता रहा है। वित्त वर्ष 2026 में अब तक कुल यूनिक निवेशकों की संख्या 12.78 करोड़ तक पहुंच गई है, जो पिछले साल के 11.28 करोड़ से 13.3 प्रतिशत ज्यादा है। इससे साफ है कि पुराने निवेशक बाजार में बने हुए हैं, लेकिन नए निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा है।




### बाजार में उतार-चढ़ाव बना बड़ी वजह

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बाजार में जारी अस्थिरता रही। सेंसेक्स में करीब 4.5 प्रतिशत और निफ्टी में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। वैश्विक तनाव, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, महंगे वैल्यूएशन और कमजोर कमाई जैसे कारणों ने बाजार को प्रभावित किया है।

### विदेशी निवेशकों की बिकवाली

बाजार की स्थिति पर विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली का भी बड़ा असर पड़ा है। इसके अलावा अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। फरवरी के बाद बाजार में तेज गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों का भरोसा और कमजोर हुआ। वैश्विक स्तर पर जहां एआई सेक्टर के कारण तेजी रही, वहीं भारतीय बाजार अपेक्षाकृत पीछे रहा।

### उत्तर भारत में सबसे ज्यादा निवेशक

क्षेत्रीय स्तर पर उत्तर भारत ने सबसे ज्यादा 39.8 प्रतिशत नए निवेशक जोड़े। इसके बाद दक्षिण भारत (25 फीसदी), पश्चिम भारत (21.5 फीसदी) और पूर्व भारत (13.4 फीसदी) का स्थान रहा। राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा, जहां से 14.8 प्रतिशत नए निवेशक जुड़े. महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और बिहार भी प्रमुख राज्यों में शामिल रहे।

### गुजरात में सबसे ज्यादा असर

हालांकि हर राज्य में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार घटी है। उत्तर प्रदेश में भी महीने-दर-महीने 22 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। सबसे ज्यादा गिरावट गुजरात में दर्ज की गई, जहां नए रजिस्ट्रेशन 50.4 प्रतिशत तक गिर गए। इससे साफ है कि बाजार की मौजूदा स्थिति ने पूरे देश में निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 29 पैसे टूटकर 94.05 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 29 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 94.05 पर आ गया। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशक चिंतित हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा के बावजूद स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं मिल सकी।

### टाटा पावर ने गोंडा-बस्ती पारेषण लाइन की शुरू




**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश में 400 किलोवोल्ट टांडा–गोंडा और 400 किलोवोल्ट गोंडा–बस्ती डबल सर्किट पारेषण लाइन के चालू होने की बुधवार को घोषणा की। इन लाइन की कुल लंबाई 154 सर्किट किलोमीटर है। यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड परियोजना के तहत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज पारेषण लाइन एवं उपकेंद्र चालू कर दिए गए हैं।

### जेप्टो में अब बिना ओटीपी के कर सकेंगे भुगतान




**नई दिल्ली।** सामान की फटाफट आपूर्ति करने वाले मंच जेप्टो ने मंगलवार को अपने ऐप पर 'पे लेटर' (बाद में भुगतान) और ताजा सब्जियों की असली तस्वीरें देखने जैसी कई नई सुविधाएं शुरू की हैं। कंपनी अब अपना ध्यान केवल ''10 मिनट में डिलिवरी'' से हटाकर ग्राहकों की जरूरतों और सुविधा पर केंद्रित कर रही है। कंपनी का कहना है कि अब मुकाबला केवल तेजी से सामान पहुंचाने का नहीं, बल्कि ग्राहकों की रोजमर्रा की खरीदारी को आसान और स्मार्ट बनाने का है। इस नई सुविधा के तहत ग्राहकों को 15 दिन का ''ब्याज-मुक्त'' समय मिलेगा। यानी ग्राहक सामान आज मंगा सकते हैं और उसका भुगतान 15 दिन बाद कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से छोटे और बार-बार होने वाले ऑर्डर के लिए बनाई गई है।

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने दी चेतावनी

# एलपीजी के नाम पर होटल, रेस्टारेंट ने ज्यादा शुल्क वसूला तो खैर नहीं

- ईंधन के नाम से वसूली अनुचित व्यापार गतिविधियां
- ऐसे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी
- मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। प्राधिकरण ने कहा कि ये अनुचित व्यापार गतिविधियां हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां करार दिया है और बताया है कि 'मेन्यू' में उल्लेखित मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने ''होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने को संज्ञान में लिया है।''

### दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा

सीसीपीए ने पाया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत एक परामर्श जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि ऐसे कोई भी शुल्क स्वतः नहीं लगाए जाएंगे और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### होटल या रेस्तरां स्वतः नहीं जोड़ सकते शुल्क

प्राधिकरण ने कहा कि अलग से अनिवार्य शुल्कों के माध्यम से ऐसी लागत की वसूली अधिनियम की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां है। सीसीपीए ने सलाह दी, ''कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में स्वतः ही 'एलपीजी शुल्क', 'गैस शुल्क' या इसी तरह के शुल्क नहीं जोड़ेगा।''

### उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है

इस तरह की गतिविधियों से पारदर्शिता की कमी होती है और उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है। सीसीपीए ने स्पष्ट किया कि ईंधन, एलपीजी, बिजली और अन्य परिचालन व्यय जैसी कच्चे माल की लागत कारोबार चलाने की लागत का हिस्सा हैं और इन्हें 'मेन्यू आइटम' की कीमत तय करते समय शामिल किया जाना चाहिए।

### कुछ होटल, रेस्तरां पेय पदार्थों के अतिरिक्त शुल्क जोड़ रहे

बयान में कहा गया, ''राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर, सीसीपीए ने पाया है कि कुछ होटल और रेस्तरां मेन्यू में प्रदर्शित खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की कीमत और लागू करों के अतिरिक्त, उपभोक्ता बिल में ऐसे अतिरिक्त शुल्क स्वतः ही जोड़ रहे हैं।''

### *मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम होगी*


*मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम कीमत होनी चाहिए, जिसमें लागू कर शामिल नहीं हैं। प्राधिकरण ने कहा, ''उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें किसी भी ऐसे अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए बाध्य किया जाएगा...।''*

### *अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है*

*सीसीपीए ने कहा कि इस प्रकार के सभी शुल्क, चाहे उनका नाम कुछ भी हो, सेवा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क की श्रेणी में आते हैं और इन्हें स्वतः रूप से वसूलना चार जुलाई, 2022 को जारी सीसीपीए दिशानिर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।*

# सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा निवेशकों की संपत्ति आठ लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▸▸| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा।

इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में आठ लाख करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

- कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में रही तेजी
- पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद
- निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा

### *विदेशी निवेशकों ने बेचे शेयर*

*शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 8,009.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,867.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।*

### दो सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 15.80 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

स्थानीय शेयर बाजार में आई तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति दो सत्र में 15.80 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया युद्ध को लेकर तनाव कम होने की उम्मीद से बाजार में सुधार देखा गया। पिछले दो कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 2,577.06 अंक चढ़ा है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.16 प्रतिशत टूटकर 97.79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## चांदी में 11,250 रुपए का आया उछाल, सोना 4,900 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। इस तेजी के कारण चांदी 11,250 रुपये चढ़कर 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।



चांदी की कीमत 11,250 रुपये या 4.89 प्रतिशत बढ़कर 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 4,900 रुपये या 3.38 प्रतिशत बढ़कर 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में सोने का पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। जो हाल के सत्रों में एक मजबूत सुधार का संकेत है। इसे बेहतर भू-राजनीतिक माहौल से बल मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 82.17 डॉलर या लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,556.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत की तेजी के साथ 72.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## दिवाला संहिता से कंपनियों की बिक्री में वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत पटरी पर आई कंपनियों के वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन में सुधार देखा गया है। इन कंपनियों की बिक्री और परिसंपत्ति कारोबार में मजबूत वृद्धि हुई है। भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम अहमदाबाद) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह शोध अध्ययन 2023 में किए गए एक पूर्व अध्ययन पर आधारित है, जिसमें 2013-2022 की अवधि के दौरान पुनर्गठन के बाद की अवधि में कंपनियों का विश्लेषण किया गया था।

## वनप्लस इंडिया के सीईओ लियू ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता कंपनी वनप्लस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन लियू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

कंपनी ने कहा कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब वह लगातार घट रही बिक्री को फिर से सुधारने की कोशिश कर रही है। कंपनी ने कहा, 'हम रॉबिन के वनप्लस इंडिया में योगदान के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। अब वह अपने व्यक्तिगत रुचियों को आगे बढ़ाएंगे। हम उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। वनप्लस इंडिया का संचालन स्थानीय रणनीति के साथ लगातार जारी रहेगा। साइबरमीडिया रिसर्च रिसर्च के अनुसार, लियू के कार्यकाल में 2025 में कंपनी की बिक्री में 32 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**कार्यालय जिला पंचायत बालोद**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" जिला बालोद के जनपद पंचायत स्तर पर रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन जारी करते हुए दिनांक 08.04.2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन बालोद जिले के वेब-साइट www.balod.gov.in किया जा सकता है एवं भर्ती की आगामी प्रक्रिया सम्बन्धी समस्त जानकारी केवल उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही प्रसारित की जावेगी।

सं-47312

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक / 571/न.पा.प./ निर्माण / 2025-26 बांकीमोंगरा, दिनांक :-25.03.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टम टैण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) | अंतिम तिथि | भौतिक दस्तावेज प्रस्तुति अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187936 | वार्ड क्र 07 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 14.04 | 16.04.2026 | 23.04.2026 |

उपरोक्त कार्य निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/UADTender Uploader/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक / निर्माण / 2025-26/10348 कोरबा, दिनांक 23.3.26

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

कार्यालयीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना पत्र कमांक 3247 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर 07 छात्रावास / आश्रमों के भवन निर्माण कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन किया गया था, जिसकी कुल लागत राशि रू. 1099.39 लाख है। जिसमें सरल क्रमांक 01 का कार्य प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास सुखरीकला के भवन निर्माण को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

जी. 252607395/1

# सीबीआईसी ने यूपीआई से सीमा शुल्क भुगतान की अनुमति दी



- अब कंपनियां विभाग के आइसगेट पोर्टल पर भुगतान कर पाएगी
- भुगतान के लिए यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर पाएगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि अब कंपनियां विभाग के !'आइसगेट' पोर्टल पर सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकती हैं। आइसगेट (भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे) ई-भुगतान मंच ने सीमा शुल्क भुगतान को सुविधाजनक बनाने के लिए 'पेमेंट एग्रीगेटर' को एक अधिकृत माध्यम के रूप में सक्षम किया है।

आइसगेट मूल रूप से भारतीय सीमा शुल्क के लिए महत्पूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे के रूप में कार्य करता है। यह एक ऐसे इंटरफेस के रूप में काम करता है जिसके माध्यम से आयातक और निर्यातक दस्तावेज दाखिल करते हैं, मंजूरी पर नजर रखते हैं और शुल्क भुगतान करते हैं। हालांकि, समय के साथ प्रणाली में काफी विकास हुआ है, भुगतान व्यवस्था काफी हद तक सीमित संख्या में अधिकृत बैंकों और नेट बैंकिंग तथा एनईएफटी/आरटीजीएस जैसे पारंपरिक चैनलों तक ही सीमित रही है। कर और परामर्श कंपनी एकेएम ग्लोबल के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख इकेश नागपाल ने कहा, आइसगेट पर पेमेंट एग्रीगेटर की पेशकश के साथ, शुल्क भुगतान अब विशिष्ट बैंकिंग चैनल तक सीमित नहीं रह गए हैं।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 187544/निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./2025-26 दि. 24.03.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 15.04.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - बीजापुर जिले के विकासखंड उसूर की बासाबुड़ा (बासागुड़ा) व्यपवर्तन योजना।

अनुमानित लागत रू. 1413.98 लाख

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.04.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बीजापुर
कृते मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

जी. 252607393/5

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. 27**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2318/ निविदा/ग्रायांसेवा/2025-26, रायगढ़, दिनांक 24.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 04-04-2026 (शायं 05.30 बजे तक)
2. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि :- 08-04-2026 (शायं 05.30 बजे तक)

| ई-निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 187715 | मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य ग्राम कलमी डीपापारा, विकासखण्ड पुसौर, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | 29.60 |
| 187717 | जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड धरमजयगढ़ (जोन क्र. 04) जिला रायगढ़ (छ.ग.) | 40.00 |
| 187718 | जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड धरमजयगढ़ (जोन क्र. 05) जिला रायगढ़ (छ.ग.) | 40.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 25.03.2026 को सायं 5:31 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252607399/3

**Office of the Commissioner Medical Education**
**Sector 19, North Block, Swasthya Bhawan,**
**2nd floor, Nava Raipur, Atal Nagar C.G.**
**Email- cmeoffice-cg@cg.gov.in**

File No. PROJ-5504/1/2025-DME
Nava Raipur, Date 24-03-2026

**Short Advertisement Notice**

**CG state allied and Healthcare Professions Council**

Online application is invited for the short listing of nomination in post of Chairperson and members of Chhattisgarh State Allied and Healthcare Professional Council as per the provisions of Chhattisgarh State Allied and Healthcare Professional Council Rules 2025.

1. The detailed advertisement notice and link for online application (https://monitoringcell.cgdme.in/allied-portal/login) is available in Director Medical Education website https://cgdme.in/. from 28.03.2026, Time 10:00 AM onwards.
2. The last date and time for submission of online application is **10.04.2026, Time 11:59 PM.**
3. All Interested candidates are requested to go through NCAHP Act-2021 and Chhattisgarh State allied and Healthcare Professional Council Rules-2025 available in above said website for details related to recognized professional categories/ eligibility/ prescribed qualification/tenure/ allowances/ service conditions and other details before applying.

**(Approved By CME)**

**Director Medical Education**
**Chhattisgarh**

जी. 252607394/2

# द. अफ्रीका ने जीता पांचवां टी20, सीरीज 3-2 से की अपने नाम, न्यूजीलैंड को 33 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

कॉनर एस्टरहाइजन के 33 गेंदों पर करियर के सर्वश्रेष्ठ 75 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने खेले गए पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली। एस्टरहाइजन का यह लगातार दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने पिछले मैच में 57 रन की पारी खेलकर करियर का पहला पचासा जड़ा था। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 187 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी।




### साउथ अफ्रीका ने 10 ओवर में जोड़े 111 रन

साउथ अफ्रीकी टीम ने आखिरी 10 ओवर में 111 रन जोड़े, जिसमें एस्टरहाइजन और डियान फॉरेस्टर (13 गेंदों में नाबाद 21) ने चौथे विकेट के लिए महज 27 गेंदों में 61 रन की साझेदारी की। दाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े। उन्हें 49 रन के स्कोर पर जैक फोक्स की गेंद पर बेवोन जैकब ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पारी में 47 डॉट गेंदें खेलीं, लेकिन टीम ने इसकी भरपाई 15 चौकों और 10 छक्कों से की।

### न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ाई

शानदार गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम दबाव में आ गई। तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएट्जी ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि ओटनील बार्टमैन ने अच्छी विविधता का इस्तेमाल करते हुए 33 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन ने चार ओवर में महज 22 रन दिए और कप्तान केशव महाराज ने भी बल्लेबाजों को कड़ी परीक्षा में डाला। पावरप्ले के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 46 रन था और 10 ओवर के बाद तीन विकेट पर 65 रन ही था। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब्स ने 19 गेंदों पर 36 रन बनाकर सबसे अधिक योगदान दिया।

मियामी ओपन

# गॉफ पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

### अब कैरोलिना मुचोवा से मुकाबला




एजेंसी ▶▶| मियामी

कोको गॉफ ने पहली बार मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गॉफ ने क्वार्टर फाइनल में बेलिंडा बेनकिक को हराया। दो घंटे 15 मिनट तक 3 सेट में चले इस मुकाबले को गॉफ ने 6-3, 1-6, 6-3 से जीता।

गॉफ ने मुकाबले की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की, और आक्रामक तरीके से शुरू में ही मैच में नियंत्रण स्थापित कर लिया। उन्होंने शुरुआती स्टेज में सर्व तोड़ी और पहले सेट में अपने सभी आठ नेट पॉइंट जीत लिए। मजबूत सर्व और सटीक शॉट-मेकिंग के दम पर, उन्होंने पहला सेट 51 मिनट में आराम से जीत लिया। हालांकि, बेनकिक ने दूसरे सेट में जोरदार जवाब दिया। स्विस खिलाड़ी ने अपनी गलतियां कम की और रैलियों को ज्यादा असरदार तरीके से नियंत्रित किया। बेनकिक ने दूसरा सेट 30 मिनट से भी कम समय में जीतकर मैच में वापसी की।

### आखिरी सेट में कड़ा मुकाबला

आखिरी सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। गॉफ को सर्व करते समय एक अहम पल का सामना करना पड़ा। उन्होंने मुकाबले में बने रहने के लिए एक ब्रेक पॉइंट को रोका। थोड़ी सी चूक और छूटे हुए मौकों पर साफ दिख रही निराशा के बावजूद, उन्होंने इस पल को एक टर्निंग पॉइंट के तौर पर इस्तेमाल किया। गॉफ ने ब्रेक लेकर 3-3 से बराबरी कर ली और फिर से नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने अहम मौकों का फायदा उठाया, मजबूत सर्व दिए और चालाकी से शॉट चुने, जिसमें एक अहम ड्रॉप शॉट भी शामिल था। उन्होंने मैच में सर्व करते हुए अपना धैर्य बनाए रखा और वापसी पूरी की। इस जीत से गॉफ अपने करियर में पहली बार मियामी सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उनका सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी का चेक खिलाड़ी के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड शानदार है। गॉफ ने मुचोवा के खिलाफ पिछले सभी 5 मैच जीते हैं।

## खबर संक्षेप



### गांगुली बने जैकसन समूह के ब्रांड दूत

**नोएडा।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा, ' वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं, जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।'

### जोखिम लेकर नहीं खेले पंत, निरंतरता पर करे फोकस : फाफ डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए और उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिए।

28 मार्च से धमाकेदार शुरुआत, 31 मई को फ़ाइनल

# आईपीएल 2026 : अब तक का सबसे बड़ा सीजन, 84 मैचों का महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू होने वाला है। फ़ाइनल मैच 31 मई को खेला जाएगा। यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीएल सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

### अभी तक पूरा शेड्यूल जारी नहीं

अप्रैल और मई के दौरान पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बंगाल, तमिलनाडु और असम शामिल हैं—ये ऐसे राज्य हैं, जहां आईपीएल मैच भी खेले जाते हैं। इसलिए, अब तक केवल पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी किया गया है, जो 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे।

### 10 टीमें लेंगी हिस्सा

लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटन्स शामिल हैं।



### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन

आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी। आरसीबी ने पिछले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला आईपीएल ख़िताब जीता था। टीम ने 2025 के फ़ाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रनों के अंतर से हराया था।

### इस सीज़न में नए नियम

मैच के दिनों में कोई प्रैक्टिस नहीं: किसी भी टीम को मैच के दिन नेट प्रैक्टिस करने की इजाज़त नहीं होगी। इसके अलावा, किसी भी टीम को दूसरी टीम के प्रैक्टिस नेट इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं है। भले ही कोई टीम अपना प्रैक्टिस सेशन जल्दी खत्म कर ले, फिर भी दूसरी टीम को उस खास पिच का इस्तेमाल करने की इजाज़त नहीं होगी। खिलाड़ी और टीम का अनुशासन: सभी स्टाफ़ सदस्यों को हर समय अपना आईडी कार्ड अपने साथ रखना होगा। जिन बच्चों और परिवार के सदस्यों के पास ज़रूरी इजाज़त नहीं है, उन्हें डगआउट या खेलने के मैदान में जाने की सख्त मनाही है।

### सबसे महंगे खिलाड़ी

आईपीएल 2026 की नीलामी के दौरान, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ में खरीदा। वहीं, बिना कैप वाले भारतीय खिलाड़ियों में प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा।



### 13 शहरों में खेले जाएंगे मैच

2026 के आईपीएल सीजन के लिए, भारत के 13 अलग-अलग शहरों में मैच खेले जाएंगे। हिस्सा ले रही 10 टीमों में से सात ने अपना एक-एक घरेलू मैदान चुना है, जबकि बेंगलुरु, पंजाब और राजस्थान ने अपने लिए दो-दो घरेलू मैदान तय किए हैं। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 13 साल के अंतराल के बाद आईपीएल का कोई मैच खेला जाएगा। आरसीबी ने इस स्टेडियम को अपने दूसरे घरेलू मैदान के तौर पर चुना है। रायपुर स्टेडियम में पिछला आईपीएल मैच 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था।

### हरमनप्रीत ने कहा- विश्व कप खिताब ने बढ़ाया आत्मविश्वास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था।

## एशिया कप : भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन, फाइनल में पहुंचे चार खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा।

### कंपाउंड वर्ग में मिला कांस्य

पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम



रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया।

### पुरुष टीम फाइनल में पहुंची

रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रुमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## अभिषेक की बादशाहत बरकरार रॉबिन्सन चढ़े दो पायदान ऊपर



**दुबई।** भारत के अभिषेक शर्मा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वह फिलहाल हमवतन ईशान किशन से आगे चल रहे हैं। हालांकि, भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन उन चुनिंदा बल्लेबाजों में से एक रहे, जिन्होंने रैंकिंग में सुधार किया। वेलिंगटन में 32 रनों की पारी खेलने के बाद वह 2 पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय शिविर में पहली बार दो विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरुष टीम के कोच्चि में चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिए आस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था। अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं, जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र. 93/न.पा.नि./जोन -06/2025-26 दिनांक 24/03/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 08.04.2026 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 42 देवरीखुर्द में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य ।(सांसद निधि) | 04.99 |

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन क्र.06 तोरवा कार्यालय अथवा निगम की वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in / www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक-06
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**डबल डिस्टेंट सिग्नलिंग का प्रावधान हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्या: 81-एसटी-टेंडर-2025 दिनांक- 12.03.2026
कार्य: "बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-बोरीडांड खंड और मौहारी-फुल्हा बाईपास लाइन के लिए डबल डिस्टेंट सिग्नलिंग का प्रावधान"।
निविदा मूल्य: ₹ 5,18,31,891.94/- (रुपये पाँच करोड़ अठारह लाख एकतीस हजार आठ सौ इंकानबे दशमलव चौरानबे पैसे मात्र)। अमानत राशि: ₹ 4,09,200/- (चार लाख नौ हजार दो सौ रूपये मात्र)। निविदा का जमा होना : दिनांक - 06.04.2026 के 15:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल संकेत एवं दूर. इंजी./CIC
सीपीआर/10/781 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्यों हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं: 38-यांत्रिक-बिलासपुर-रेक-परीक्षण, दिनांक: 20.03.2026
कार्य का नाम: खुली निविदा के आधार पर दो साल की अवधि के लिए बिलासपुर डिवीजन के विभिन्न स्थानों में वैगन रेक के संपूर्ण (गहन) जांच, मरम्मत कार्य और अन्य संबंधित गतिविधियों में सहायता प्रदान करने हेतु आउटसोर्सिंग।
निविदा मूल्य: ₹ 04,41,62,207.58/- (रूपये चार करोड़ इकतालीस लाख बासठ हजार दो सौ सात एवं अंठावन पैसे मात्र) समस्त खर्चों एवं जीएसटी सहित। अमानत राशि: ₹ 03,70,800/- (रुपये तीन लाख सत्तर हजार आठ सौ मात्र)।
निविदा : दिनांक 13.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे खोले जाएंगे।
उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट)
सीपीआर/10/778 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6176



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6175 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | क्षा | ई | ■ | श | र |
| श | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | य | ज | न | दा | र |
| ■ | ठ | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ठ |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | य | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ठ | ज | न | ■ | ज | ठा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6186

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6185 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |




# हर साल थोड़ी-थोड़ी बढ़ती है रहस्यमयी चट्टान! जहां डकैत भी करते थे पूजा

सागर। सागर जिले का अबार माता मंदिर एक रहस्यमयी और चमत्कारी स्थल माना जाता है, जहां माता के चट्टान में समाहित होने की मान्यता है। कहा जाता है कि इस चट्टान को छूने मात्र से भक्तों की हर मनोकामना पूरी हो जाती है। यह चट्टान हर साल थोड़ी-थोड़ी बढ़ती है और अब करीब 70 फीट ऊंची हो चुकी है। इस मंदिर का संबंध आल्हा-ऊदल की ऐतिहासिक कथा से भी जुड़ा हुआ है, जिससे इसकी आस्था और बढ़ जाती है। नवरात्र के समय यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और माता के चमत्कार का अनुभव करते हैं। चैत्र नवरात्रि के मौके पर हर तरफ मां दुर्गा की भक्ति का माहौल है। घरों से लेकर मंदिरों तक लोग पूजा-अर्चना में जुटे हैं। लेकिन, सागर जिले के घने जंगलों और पहाड़ी इलाके में एक ऐसा रहस्यमयी मंदिर है, जो इन दिनों खास चर्चा में है। इस जगह को अबार माता मंदिर के नाम से जाना जाता है, जहां मान्यता है कि माता खुद चट्टान में समाई हुई हैं।

## छूते ही पूरी होती है हर मनोकामना, चट्टान में विराजमान हैं माता

### हर साल तिल के बराबर बढ़ती है चट्टान

इस मंदिर की सबसे खास बात यहां मौजूद वो चट्टान है, जिसे लोग माता का स्वरूप मानते हैं। कहा जाता है कि इस चट्टान को सिर्फ छू लेने से ही मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। हैरानी की बात ये है कि स्थानीय लोगों का दावा है कि यह चट्टान हर साल तिल के बराबर बढ़ती है। जो कभी छोटी सी थी, वह अब करीब 70 फीट ऊंचे स्तंभ जैसी हो गई है। इसी के ऊपर मंदिर की मढ़िया भी बनी हुई है।

### आल्हा-ऊदल से जुड़ी है कहानी

इस मंदिर का इतिहास बुंदेलखंड के वीर योद्धा आल्हा-ऊदल से जुड़ा हुआ माना जाता है। कहा जाता है कि एक बार युद्ध के बाद लौटते समय उन्हें शाम हो गई और वे दिन में पूजा नहीं कर पाए थे। तब उन्होंने इसी स्थान पर रुककर माता का ध्यान किया। मान्यता है कि उनके आह्वान पर माता यहीं प्रकट हुईं और चट्टान के रूप में विराजमान हो गईं।



### नाम के पीछे भी है खास वजह

बुंदेलखंड में शाम के समय को 'अबेर' कहा जाता है। क्योंकि, आल्हा-ऊदल ने शाम के समय यहां पूजा की थी, इसलिए इस स्थान का नाम पहले 'अभेर माता' पड़ा, जो अब बदलकर 'अबार माता' हो गया है।


### क्यों खास है ये मंदिर?

यह मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और रहस्य का अनोखा संगम है। यहां आने वाले लोगों को ऐसा एहसास होता है जैसे सच में माता स्वयं यहां विराजमान हैं।

### डकैतों का गढ़, फिर बना आस्था का केंद्र

एक समय था जब यह इलाका डकैतों का गढ़ हुआ करता था। वही, डकैत यहां माता की पूजा किया करते थे और यह सिलसिला आजादी के बाद तक चला। धीरे-धीरे हालात बदले, डकैत खत्म हुए और आम लोगों के लिए यहां पहुंच आसान हो गई। पिछले 40-50 सालों में यहां भव्य मंदिर, धर्मशाला और आश्रम भी बन गए हैं।

### दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु



आज यह मंदिर सिर्फ सागर ही नहीं, बल्कि टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, ललितपुर के साथ-साथ यूपी, दिल्ली और कोलकाता तक के लोगों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है। नवरात्र के समय यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। लोग अपनी मनोकामना पूरी होने पर नारियल की झूमर, पीतल की घंटियां और झंडा चढ़ाते हैं।

# पति ने नहीं मांजे बर्तन तो पत्नी ने बुला ली पुलिस

**माजरा सुनकर थानेदार भी नहीं रोक पाए अपनी हंसी!**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र में एक ऐसा वाकया हुआ है जिसने खाकी वर्दी वालों को भी सिर खुजलाने पर मजबूर कर दिया। आमतौर पर पुलिस संगीन जुर्म या बड़े झगड़ों के लिए मौके पर दौड़ती है, लेकिन यहां मामला रसोई की 'साफ-सफाई' से जुड़ा था, जैसे ही एक महिला शाम को खाना बनाने किचन में दाखिल हुई, वहां बर्तनों का ढेर देखकर उसका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सोशल मीडिया पर वायरल खबर के मुताबिक, महिला ने अपने शौहर से कई बार बर्तन धुलने की गुजारिश की थी, जिसे 'मियां' ने नजरअंदाज कर दिया। जब सिंक में जूठे बर्तन पड़े मिले, तो बीवी ने इसे अपनी तौहीन समझा और पति




से उलझ पड़ी। बात इतनी बढ़ी कि उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर दिया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उन्हें लगा कि शायद कोई बड़ा हादसा हुआ है, लेकिन असलियत जानकर पुलिसवाले भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

### साहब! बिना बर्तन धुले रात की रोटी कैसे बनेगी?

सोशल मीडिया के मुताबिक, जब पुलिस के सामने पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए मासूमियत से पूछा, 'साहब, आप ही बताइए, अगर बर्तन साफ नहीं होंगे तो रात का खाना कैसे पकेगा?' पति 'महोदय' इस पर खामोश खड़े रहे। पुलिसकर्मियों ने अपनी हंसी दबाते हुए दोनों को काफी देर तक प्यार से समझाया और सुलह कराई। बताया जा रहा है कि इस जोड़े की शादी को अभी महज दो साल ही हुए हैं और फिलहाल उनकी कोई औलाद नहीं है।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com